Exam Date - 21.12.22

10/01/23

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 24
Number of Pages in Booklet : 24
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
No. of Questions in Booklet : 100
**Paper Code : OA**
**Sub: G.K.**
**समय : 2:00 घण्टे**
**Time : 2:00 Hours**

# ST-22

प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड
**Question Booklet No. & Barcode** **1295593**

**इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए**
**Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

## Paper - I

**अधिकतम अंक : 200**
**Maximum Marks : 200**

**प्रश्न-पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :**
- **प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है ।**
- **प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं । समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/मुद्रण त्रुटि नहीं है ।**

**किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that :**
- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR answer sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. OMR उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको प्रश्न पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
6. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा** । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है ।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः **1, 2, 3, 4** अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।
10. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकडा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए **और राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
6. Please correctly fill your Roll Number in **O.M.R.** Answer Sheet. Candidate will themself be responsible for filling wrong Roll No.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4.** You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **Blue Ball Point Pen.**
9. If there is any sort of ambiguity/ mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
10. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Prevention of Unfair means) Act, 2022 & any other law applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें । वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे । परीक्षार्थी कार्बन प्रति को अपने साथ ले जायेंगे ।**

1. निम्नांकित में से राजस्थान की किस चित्रकला शैली पर सर्वाधिक मुगल प्रभाव दृष्टिगोचर होता है ?
(1) मारवाड़ शैली (2) जयपुर शैली
(3) बूँदी शैली (4) मेवाड़ शैली

2. जयपुर के कौन से शासक स्वयं संगीताचार्य थे ?
(1) मान सिंह (2) प्रताप सिंह
(3) सवाई सिंह (4) माधो सिंह

3. गींदड़ नृत्य होता है –
(1) मेवाड़ में (2) शेखावाटी में
(3) ढूंढाड़ में (4) वागड़ में

4. कान्हड़दे–प्रबन्ध के रचयिता हैं –
(1) जयानक (2) चन्दरबरदाई
(3) पद्मनाभ (4) नरपति नाल्ह

5. निम्नांकित में से रामस्नेही सम्प्रदाय की सिंहथल शाखा के प्रवर्तक संत कौन थे ?
(1) स्वामी रामचरण
(2) हरिरामदास
(3) रामदास
(4) संतोषदास

6. निम्नांकित में से कौन सा विकल्प विवाह की रस्मों से संबंधित नहीं है ?
(1) कंकण बंधन
(2) बंदोली
(3) समेला
(4) कर्णवेध

7. संकटकाल में कौन सा किला मेवाड़ के राजपरिवार का आश्रय स्थल रहा है ?
(1) मचान दुर्ग
(2) अचलगढ़
(3) बसन्ती दुर्ग
(4) कुंभलगढ़

1. On which of the following painting styles of Rajasthan Mughal influence is most visible ?
(1) Marwar style (2) Jaipur style
(3) Bundi style (4) Mewar style

2. Which ruler of Jaipur himself was a musician ?
(1) Man Singh (2) Pratap Singh
(3) Sawai Singh (4) Madho Singh

3. Geendar dance is performed at –
(1) Mewar (2) Shekhawati
(3) Dhundhar (4) Vagar

4. The author of Kanharde-Prabandh is –
(1) Jayanak
(2) Chandra Bardai
(3) Padmanabha
(4) Narpati Nalha

5. Who among the following was the founder saint of Sinhthal branch of Ramsnehi sect ?
(1) Swami Ramcharan
(2) Hariramdas
(3) Ramdas
(4) Santoshdas

6. Which of the following options is not related to the ritual of marriage ?
(1) Kankan Bandhan
(2) Bandoli
(3) Samela
(4) Karnavedha

7. Which fort is shelter house of royal family of Mewar in calamity period ?
(1) Machan fort
(2) Achalgarh
(3) Basanti Durg
(4) Kumbhalgarh

8. करवा चौथ मनायी जाती है –
(1) श्रावण कृष्ण चतुर्थी
(2) भाद्रपद कृष्ण चतुर्थी
(3) कार्तिक कृष्ण चतुर्थी
(4) कार्तिक शुक्ल चतुर्थी

9. मुंशी त्रिलोकचंद माथुर का संबंध निम्नांकित में से किस प्रजामण्डल से रहा है ?
(1) मारवाड़ प्रजामण्डल
(2) बीकानेर प्रजामण्डल
(3) करौली प्रजामण्डल
(4) जयपुर प्रजामण्डल

10. निम्नांकित में से कौन से विकल्प का संबंध पोमचा से है ?
(1) आभूषण (2) वस्त्र
(3) मिठाई (4) संस्कार

11. मुगल शासक अकबर के समय में बीकानेर के शासक रायसिंह निम्नांकित में से किस सैन्य अभियान में शामिल नहीं थे ?
(1) काबुल (2) बलोचिस्तान
(3) कंधार (4) बंगाल

12. भारत के संविधान के निम्नांकित अनुच्छेदों में से किसमें यह उल्लेखित किया गया है कि, "किसी राज्य के राज्यपाल की पदावधि के दौरान उसकी गिरफ्तारी या कारावास के लिए किसी न्यायालय से कोई आदेशिका नहीं निकाली जाएगी" ?
(1) 361 (1) (2) 361 (2)
(3) 361 (3) (4) 361-अ

13. थार महोत्सव का आयोजन निम्नांकित में से किस स्थान पर किया जाता है ?
(1) जैसलमेर (2) जोधपुर
(3) बीकानेर (4) बाड़मेर

8. Karva Chauth is celebrated on :
(1) Shravan Krishna Chaturthy
(2) Bhadrapad Krishna Chaturthy
(3) Kartik Krishna Chaturthy
(4) Kartik Shukla Chaturthy

9. Munshi Trilokchand Mathur was related to which of the following Prajamandals ?
(1) Marwar Prajamandal
(2) Bikaner Prajamandal
(3) Karauli Prajamandal
(4) Jaipur Prajamandal

10. Which of the following options is related to Pomacha ?
(1) Jewellery (2) Clothes
(3) Sweets (4) Sacraments

11. Raisingh, the ruler of Bikaner, during the time of Mughal emperor Akbar, was not involved in which of the following military campaign ?
(1) Kabul (2) Balochistan
(3) Kandhar (4) Bengal

12. Under which of the following Article of the Constitution of India it is mentioned that "No process for the arrest or imprisonment of the Governor of a State, shall be issued from any court during his term of office" ?
(1) 361 (1) (2) 361 (2)
(3) 361 (3) (4) 361-A

13. Thar Mahotsav is organised at which of the following places ?
(1) Jaisalmer (2) Jodhpur
(3) Bikaner (4) Barmer

14. निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| राज्यपाल का नाम | | मुख्यमंत्री का नाम |
|---|---|---|
| (1) डॉ. संपूर्णानंद | – | मोहनलाल सुखाड़िया |
| (2) ओ.पी. मेहरा | – | शिवचरण माथुर |
| (3) निर्मलचन्द जैन | – | अशोक गहलोत |
| (4) अंशुमान सिंह | – | वसुन्धरा राजे |

15. राजस्थान के मुख्यमंत्रियों में, निम्नांकित में से कौन भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति (1962) के सदस्य रहे हैं ?

(1) जगन्नाथ पहाड़िया
(2) टीकाराम पालीवाल
(3) हरिदेव जोशी
(4) बरकतुल्लाह खान

16. राजस्थान के निम्नांकित मुख्य सचिवों में से किसने अपने कार्यकाल के दौरान अधिकतम संख्या में मुख्यमंत्रियों के साथ कार्य किया है ?

(1) वी.बी.एल. माथुर
(2) एस.एल. खुराना
(3) अरुण कुमार
(4) मीठालाल मेहता

17. राजभवन, राजस्थान में 'इन्फॉर्मास' पोर्टल किस राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान प्रारंभ किया गया ?

(1) प्रतिभा देवी सिंह पाटिल
(2) कलराज मिश्र
(3) कल्याण सिंह
(4) अंशुमान सिंह

14. Which of the following pair is not correctly matched ?

| Name of the Governor | | Name of the Chief Minister |
|---|---|---|
| (1) Dr. Sampoornanand | – | Mohanlal Sukhadia |
| (2) O.P. Mehra | – | Shivcharan Mathur |
| (3) Nirmalchand Jain | – | Ashok Gehlot |
| (4) Anshuman Singh | – | Vasundhara Raje |

15. Who among the following Chief Ministers of Rajasthan has been the member of the committee on Prevention of Corruption (1962) ?

(1) Jagnnath Pahadiya
(2) Tika Ram Paliwal
(3) Harideo Joshi
(4) Barkatullah Khan

16. Which of the following Chief Secretaries of Rajasthan has worked with maximum number of Chief Ministers during his tenure ?

(1) V.B.L. Mathur
(2) S.L. Khurana
(3) Arun Kumar
(4) Mithalal Mehta

17. The 'INFORMAS' portal at Rajbhawan, Rajasthan was started during the tenure of which Governor ?

(1) Pratibha Devi Singh Patil
(2) Kalraj Mishra
(3) Kalyan Singh
(4) Anshuman Singh

18. राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के निम्नांकित सदस्यों में से कौन सबसे कम कार्यकाल अवधि के लिए पद पर रहे हैं ?
(1) जस्टिस अमरसिंह गोदारा
(2) नमोनारायण मीणा
(3) आर.के. आकोदिया
(4) बी.एल. जोशी

19. राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की किस धारा के तहत सरकार को किसी पंचायती राज संस्था को विघटित करने की शक्ति प्राप्त है ?
(1) 92 (2) 93
(3) 94 (4) 95

20. भारत के संविधान के निम्नांकित में से कौन से अनुच्छेद के तहत राजस्थान का महाधिवक्ता राजस्थान विधानसभा की कार्यवाही में भाग ले सकता है ?
(1) 175 (2) 176
(3) 177 (4) 178

21. निम्नांकित में से कौन सी, राजस्थान विधानसभा में कटौती प्रस्तावों की ग्राह्यता की शर्त नहीं है ?
(1) उसका सम्बन्ध केवल एक माँग से होगा।
(2) उसमें विशेषाधिकार का प्रश्न उठाया जाएगा।
(3) उसमें वर्तमान विधियों का संशोधन या निरसंन करने के लिए सुझाव नहीं दिये जायेंगे।
(4) वह उस विषय का निर्देश नहीं करेगी जो मुख्यतया राज्य सरकार का विषय नहीं हो।

22. निम्नांकित में से कौन राजस्थान लोक सेवा आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष के पद पर नहीं रहे हैं ?
(1) एल.एल. जोशी (2) एस.एस. टाक
(3) एच.एन. मीणा (4) जी.पी. पिलानिया

18. Which of the following members of the Rajasthan State Human Rights Commission held office for the shortest tenure ?
(1) Justice Amarsingh Godara
(2) Namo Narayan Meena
(3) R.K. Akodia
(4) B.L. Joshi

19. Under which Section of the Rajasthan Panchayati Raj Act, 1994 Government can dissolve a Panchayati Raj Institution ?
(1) 92 (2) 93
(3) 94 (4) 95

20. Under which of the following Articles of Constitution of India, the Advocate General of Rajasthan shall have the right to take part in proceedings of the Rajasthan Legislative Assembly ?
(1) 175 (2) 176
(3) 177 (4) 178

21. Which of the following is not a condition of admissibility of Cut motions in Rajasthan Legislative Assembly ?
(1) It shall relate to one demand only.
(2) It shall raise a question of Privilege.
(3) It shall not make suggestions for the amendment or repeal of existing laws.
(4) It shall not refer to a matter which is not primarily a concern of the State Government.

22. Who among the following was not the officiating Chairperson of Rajasthan Public Service Commission ?
(1) L.L. Joshi (2) S.S. Tak
(3) H.N. Meena (4) G.P. Pilania

23. 8 सितंबर, 2022 को किस देश के प्रधानमंत्री ने राजस्थान के अजमेर शहर में स्थित दरगाह की ज़ियारत की थी ?

(1) इंडोनेशिया (2) मलेशिया

(3) बांग्लादेश (4) अफ़गानिस्तान

23. On 8th September, 2022 the Prime Minister of which country visited Dargah situated in Ajmer city of Rajasthan ?

(1) Indonesia (2) Malaysia

(3) Bangladesh (4) Afghanistan

24. राजस्थान के किन शहरों में दिव्यांग खिलाड़ियों (पैरास्पोर्ट्स मैन) के लिए पैराखेल (स्पोर्ट्स) अकादमी बनेगी ?

(1) जोधपुर व जयपुर

(2) अजमेर व भीलवाड़ा

(3) कोटा व उदयपुर

(4) बीकानेर व अजमेर

24. The Parasports academy for Parasportsmen will be set up in which cities of Rajasthan ?

(1) Jodhpur & Jaipur

(2) Ajmer & Bhilwara

(3) Kota & Udaipur

(4) Bikaner & Ajmer

25. निम्नलिखित खेलों में से कौन सा राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों (गेम्स), 2022 में सम्मिलित नहीं है ?

(1) वॉलीबॉल (2) खो-खो

(3) हॉकी (4) फुटबॉल

25. Which of the following games is not included in Rajiv Gandhi Rural Olympic games, 2022 ?

(1) Volley-ball (2) Kho-Kho

(3) Hockey (4) Football

26. माह अगस्त, 2022 में किसे राजस्थान का मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया ?

(1) श्री डी.बी. गुप्ता

(2) श्री मधुकर गुप्ता

(3) श्रीमती ऊषा शर्मा

(4) श्री बी.एल. आर्य

26. In the month of August, 2022 who has been appointed Chief Election Commissioner of Rajasthan ?

(1) Shri D.B. Gupta

(2) Shri Madhukar Gupta

(3) Shrimati Usha Sharma

(4) Shri B.L. Arya

27. वर्ष 2022 के लिए, निम्नलिखित में से राजस्थान के किन शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया गया ?

(1) सुगन सिंह रावत तथा मंगला चौधरी

(2) रविन्द्र कुमार तथा आशा कुमारी

(3) दुर्गाराम मुवाल तथा सुनीता गुलाटी

(4) मूलाराम बिश्नोई तथा रेणु दिवाकर

27. For the year 2022, which of the following teachers of Rajasthan have been awarded National Teachers Award ?

(1) Sugan Singh Rawat and Mangla Chaudhary

(2) Ravindra Kumar and Asha Kumari

(3) Durga Ram Muwal and Sunita Gulati

(4) Mularam Bishnoi and Renu Diwakar

28. राजस्थान की नई "पारिस्थितिकी पर्यटन नीति" कब लागू की गई ?

(1) 2019 में (2) 2020 में
(3) 2021 में (4) 2022 में

28. The New Rajasthan "Eco-tourism Policy" has been implemented in

(1) 2019 (2) 2020
(3) 2021 (4) 2022

29. राजस्थान में पहला महिला संचालित सहकारी बैंक स्थापित करने के लिए राजस्थान ने किस राज्य के स्त्रीनिधि क्रेडिट सहकारी संघ के साथ समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) हस्ताक्षरित किया है ?

(1) गुजरात
(2) तेलंगाना
(3) आंध्रप्रदेश
(4) तमिलनाडु

29. To establish the first all women-run cooperative bank in Rajasthan, a Memorandum of Understanding (MoU) is signed by Rajasthan with Stree Nidhi Credit Cooperative Federation of which state ?

(1) Gujarat
(2) Telangana
(3) Andhra Pradesh
(4) Tamil Nadu

30. वर्ष 2022 में, राजस्थान के किस जिले को एम एस एम ई क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर आकांक्षी जिला (एस्पीरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स) संवर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है ?

(1) धौलपुर (2) टोंक
(3) करौली (4) अजमेर

30. Which district of Rajasthan has bagged second prize in the category of aspirational districts for excellent work in MSME sector at the national level in the year 2022 ?

(1) Dhaulpur (2) Tonk
(3) Karauli (4) Ajmer

31. राजस्थान के मुख्यमंत्री की 'हरित राजस्थान स्वस्थ राजस्थान' की संकल्पना के तहत वर्ष 2022-23 में कितने पौधे तैयार किए जाने प्रस्तावित थे ?

(1) 1 करोड़ (2) 2 करोड़
(3) 5 करोड़ (4) 10 करोड़

31. Under the concept of "Green (Harit) Rajasthan Healthy (Swasth) Rajasthan" by Chief Minister of Rajasthan, how many saplings for the year 2022-23 were proposed to be prepared ?

(1) 1 crore (2) 2 crore
(3) 5 crore (4) 10 crore

32. वित्तीय वर्ष 2022-23 में राजस्थान की इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के लिए बजट प्रावधान है :

(1) ₹ 400 करोड़ (2) ₹ 800 करोड़
(3) ₹ 1200 करोड़ (4) ₹ 1600 करोड़

32. In Rajasthan, the Budget provision for the Indira Gandhi Urban Employment Guarantee Scheme for the financial year 2022-23 is :

(1) ₹ 400 crore (2) ₹ 800 crore
(3) ₹ 1200 crore (4) ₹ 1600 crore

33. काल वैशाखी ________ से सम्बन्धित है।
(1) राजस्थान (2) पश्चिम बंगाल
(3) हरियाणा (4) पंजाब

34. पुलिकट झील स्थित है –
(1) केरल में (2) तमिलनाडु में
(3) ओडिशा में (4) कर्नाटक में

35. इण्डिया स्टेटस ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2021 के अनुसार वनों के अंतर्गत सर्वाधिक प्रतिशत भूमि वाला राज्य है –
(1) मेघालय
(2) मिजोरम
(3) अरुणाचल प्रदेश
(4) हिमाचल प्रदेश

36. 'नाथूला दर्रा' भारत के किस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश में स्थित है ?
(1) जम्मू और काश्मीर
(2) उत्तराखण्ड
(3) सिक्किम
(4) हिमाचल प्रदेश

37. सर्वाधिक वर्षा के लिए प्रसिद्ध स्थान 'मोसिनराम' किस राज्य में स्थित है ?
(1) असम (2) मणिपुर
(3) मेघालय (4) त्रिपुरा

38. 'बैलाडीला' लौह–अयस्क की प्रसिद्ध खान, भारत के किस राज्य में स्थित है ?
(1) मध्य प्रदेश
(2) बिहार
(3) ओडिशा
(4) छत्तीसगढ़

39. ध्वनि तीव्रता के मापन के लिए प्रयुक्त इकाई है –
(1) सेन्टीग्रेड (2) फर्लांग
(3) डेसीबल (4) मिलीबार

33. Kaal Vaishakhi is related to –
(1) Rajasthan (2) West Bengal
(3) Haryana (4) Punjab

34. Pulicat Lake is located in :
(1) Kerala (2) Tamil Nadu
(3) Odisha (4) Karnataka

35. As per the India Status of Forest Report 2021, which state has the highest percentage of land under forests ?
(1) Meghalaya
(2) Mizoram
(3) Arunachal Pradesh
(4) Himachal Pradesh

36. 'Nathula Pass' is situated in which State/U.T. of India ?
(1) Jammu and Kashmir
(2) Uttarakhand
(3) Sikkim
(4) Himachal Pradesh

37. Place of highest rainfall Mosinram is situated in which State ?
(1) Assam (2) Manipur
(3) Meghalaya (4) Tripura

38. 'Bailadila, the famous mine of iron ore, located in which state of India ?
(1) Madhya Pradesh
(2) Bihar
(3) Odisha
(4) Chhattisgarh

39. The unit used for the measurement of intensity of sound is :
(1) Centigrade (2) Furlong
(3) Decibel (4) Milibar

40. 'अश्व अक्षांश' संबंधित है –

(1) पवनों से

(2) हिमनदों से

(3) वर्षा से

(4) रेगिस्तान से

41. जनसंख्या प्रवास में, 'फुटकर व्यापार गुरुत्वाकर्षण नियम' का प्रतिपादन सबसे पहले ______ किया।

(1) डब्ल्यू.जे. रैली ने

(2) जी.के. जिफ ने

(3) एस. स्टाउफर ने

(4) एफ.एस. ली ने

42. भारत में 2021-22 में सकल जोड़े गये मूल्य में कृषि व सम्बन्धित क्षेत्र का हिस्सा है :

(1) 18.8% (2) 20.2%

(3) 19.8% (4) 20.9%

43. 1956 के औद्योगिक नीति प्रस्ताव में प्रथम वर्ग के उद्योगों के सम्बन्ध में कौन सा विकल्प सही है ?

(1) उद्योगों पर सरकार का पूर्ण स्वामित्व होना।

(2) उद्योगों पर सरकार का आंशिक स्वामित्व होना।

(3) उद्योगों पर निजी क्षेत्र का पूर्ण स्वामित्व होना।

(4) उद्योगों पर निजी व सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों का स्वामित्व होना।

44. 'डॉलफिन कटक' स्थित है –

(1) प्रशान्त महासागर में

(2) अटलांटिक महासागर में

(3) हिन्द महासागर में

(4) आर्कटिक महासागर में

40. 'Horse Latitude' is associated with –

(1) Winds

(2) Glaciers

(3) Rain

(4) Desert

41. 'Law of Retail Gravitation', model of migration of population was first given by –

(1) W. J. Railly

(2) G.K. Jipf

(3) S. Stouffer

(4) F.S. Lee

42. In India, the share of agriculture and allied sector in Total Gross Value Added in 2021-22 is :

(1) 18.8 % (2) 20.2 %

(3) 19.8 % (4) 20.9 %

43. Which of the following options is correct regarding first category of industries under Industrial Policy Resolution of 1956 ?

(1) Industries be exclusively owned by the Government.

(2) Industries be partially owned by the Government.

(3) Industries be exclusively owned by Private Sector.

(4) Industries be owned both by Private and Public Sector.

44. 'Dolphin Ridge' is situated in –

(1) Pacific Ocean

(2) Atlantic Ocean

(3) Indian Ocean

(4) Arctic Ocean

45. भारत में 16 जनवरी, 2016 को उद्यमशीलता व नवाचार के लिए एक मजबूत और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने एवं भारत को एक रोजगार सृजक देश में रूपांतरित करने के लिए शुरू की गई योजना थी –

(1) मेक इन इंडिया

(2) इन्वेस्ट इंडिया

(3) स्टार्ट अप इंडिया

(4) एक जिला एक उत्पाद योजना

46. निम्न में से किस वर्ष में भारत का विदेशी व्यापार शेष धनात्मक रहा ?

(1) 1958-59 (2) 1976-77

(3) 1984-85 (4) 1989-90

47. भारत सरकार अधिनियम, 1919 के अन्तर्गत निम्नांकित में से किस विषय को केंद्रीय विषयों की सूची में शामिल किया गया था ?

(1) बैंकिंग एवं इन्श्योरेन्स

(2) मत्स्य पालन

(3) बचत बैंक

(4) कॉपीराइट

48. भारत शासन अधिनियम, 1935 के प्रावधानों के अन्तर्गत, भारत की संघीय विधानसभा में अजमेर-मेरवाड़ा को आवंटित स्थान/स्थानों (सीट/सीटों) की संख्या थी –

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4

49. 2021-22 के प्रथम अर्ध में, भारत के सेवा क्षेत्र में कुल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अन्तर्प्रवाह का लगभग प्रतिशत है –

(1) 50% (2) 54%

(3) 60% (4) 58%

45. The plan launched in India on 16 January, 2016 to build a strong and inclusive ecosystem for innovation and entrepreneurship and to transform the India into a country of job creators, was

(1) Make in India

(2) Invest India

(3) Start up India

(4) One District One Product Plan

46. In which of the following year India's foreign trade balance was positive ?

(1) 1958-59 (2) 1976-77

(3) 1984-85 (4) 1989-90

47. Under the Government of India Act, 1919 which one of the following subject was included in the list of Central subjects ?

(1) Banking and Insurance

(2) Fisheries

(3) Saving Banks

(4) Copyright

48. Under provisions of the Government of India Act, 1935 the number of seat/s allocated to Ajmer-Merwara in the Federal Assembly of India was –

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4

49. During the first half of 2021-22, almost what percentage of the total FDI inflows into India is received by the Service Sector ?

(1) 50% (2) 54%

(3) 60% (4) 58%

50. निम्नांकित में से कौन भारत की संविधान सभा की नियम समिति का सदस्य नहीं रहा ?

(1) ए.के. अय्यर
(2) मेहरचंद खन्ना
(3) गोपीनाथ बोरदोलोई
(4) दीवान चमनलाल

51. भारत के संविधान के अनुच्छेद 17 के अन्तर्गत 'विधि के अनुसार दंडनीय' शब्दावली को प्रभावी बनाने के लिए भारत की संसद को विधि बनाने की शक्ति भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में दी गयी है ?

(1) 35 क(i) (2) 35 क(ii)
(3) 33 (4) 34

52. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (भारत शासन अधिनियम, 1935 के अन्तर्गत प्रान्त का नाम) | | सूची-II (राज्य परिषद् में आवंटित कुल स्थानों की संख्या) | |
|---|---|---|---|
| (A) | मद्रास | (i) | 8 |
| (B) | बम्बई | (ii) | 20 |
| (C) | मध्यप्रान्त एवं बरार | (iii) | 5 |
| (D) | उत्तर पश्चिमी सीमा प्रान्त | (iv) | 16 |

कूट :

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

50. Who among the following was NOT a member of the Rules Committee of the Constituent Assembly of India ?

(1) A.K. Ayyar
(2) Meharchand Khanna
(3) Gopinath Bordoloi
(4) Diwan Chamanlal

51. Which Article of the Constitution of India empowers the Parliament of India to make laws to give effect to the terminology 'Punishable in accordance with law' under Article 17 of the Constitution of India ?

(1) 35 a(i) (2) 35 a(ii)
(3) 33 (4) 34

52. Match List-I with List-II and select the correct answer using codes given below the list :

| List – I (Name of the Province under the Government of India Act, 1935) | | List – II (Total No. of allocated seats in the Council of State) | |
|---|---|---|---|
| (A) | Madras | (i) | 8 |
| (B) | Bombay | (ii) | 20 |
| (C) | Central Provinces and Berar | (iii) | 5 |
| (D) | North West Frontier Province | (iv) | 16 |

**Codes :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

53. भारत के संविधान के अनुच्छेद 41 में कुछ मामलों में लोक-सहायता के संदर्भ में निम्नांकित में से किस शब्दावली का उल्लेख नहीं किया गया है ?

(1) बेकारी
(2) चिकित्सा सहायता
(3) बुढ़ापा
(4) बीमारी

54. भारत सरकार (कार्यकरण) नियम, 1961 के तहत निम्न में से कौन सा मामला केवल भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है ?

(A) क्षमा, प्रविलम्बन और निलम्बन का किया जाना (अनुच्छेद 72 के तहत) ।
(B) भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति, पद-त्याग और पद से हटाया जाना ।
(C) भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति, पद-त्याग और पद से हटाया जाना ।
(D) अन्तर्राज्य परिषदों की स्थापना ।

सही उत्तर है :

(1) केवल (A) सही है ।
(2) केवल (A) एवं (C) सही हैं ।
(3) केवल (D) सही है ।
(4) केवल (C) एवं (D) सही हैं ।

55. भारत के संविधान के अनुच्छेद 51-क (ङ) में जैसा कि समरसता तथा समान भ्रातृत्व की भावना के निर्माण के मौलिक कर्तव्यों के सन्दर्भ में उल्लेखित है, शब्दों का सही क्रम निम्नांकित में से कौन सा है ?

(1) प्रदेश या वर्ग, धर्म और भाषा
(2) भाषा, प्रदेश या वर्ग और धर्म
(3) धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग
(4) भाषा, धर्म और प्रदेश या वर्ग

53. Which of the following terminology is not mentioned in the Article 41 of the Constitution of India as regards to public assistances in certain cases ?

(1) Unemployment
(2) Medical aid
(3) Old age
(4) Sickness

54. Under the Government of India (Transaction of Business) Rules, 1961 which of the following cases can be submitted only to the President of India ?

(A) Grant of pardons, reprieves and suspension (under Article 72).
(B) Appointment, resignation and removal of the Attorney General of India.
(C) Appointment, resignation and removal of Judges of Supreme Court of India.
(D) Establishment of Inter-state Councils.

Correct answer is :

(1) Only (A) is correct.
(2) Only (A) and (C) are correct.
(3) Only (D) is correct.
(4) Only (C) and (D) are correct.

55. Which of the following is the correct sequence of words as mentioned in the Article 51-A (e) of the Constitution of India as regard to Fundamental Duties of promoting harmony and the spirit of common brotherhood ?

(1) Regional or Sectional, Religious and Linguistic.
(2) Linguistic, Regional or Sectional and Religious.
(3) Religious, Linguistic and Regional or Sectional.
(4) Linguistic, Religious and Regional or Sectional.

56. निम्नांकित में से किस राजनीतिक दल ने सत्रहवीं लोक सभा हेतु हुए आम निर्वाचन में राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में भाग नहीं लिया है ?

(1) नेशनलिस्ट कॉंग्रेस पार्टी (NCP)

(2) ऑल इण्डिया तृणमूल कॉंग्रेस (AITMC)

(3) कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (CPI)

(4) समाजवादी पार्टी (SP)

57. निम्नांकित में से कौन 'दी स्वतंत्र पार्टी एण्ड कन्जर्वेटिज्म' नामक पुस्तक के लेखक हैं ?

(1) पीलू मोदी

(2) सी. राजगोपालाचारी

(3) हॉवार्ड एल. अर्डमेन

(4) स्टेनले ए. कोचेनेक

58. भारत निम्नांकित में से किस समूह का सदस्य नहीं है ?

(1) वाजनर समूह

(2) ऑस्ट्रेलिया समूह

(3) मिसाइल टेक्नोलॉजी कंट्रोल रेजिम

(4) न्यूक्लियर सप्लायर समूह

59. भारत के संविधान के किन अनुच्छेदों में प्रधानमंत्री का उल्लेख किया गया है ?

(1) केवल अनुच्छेद 74, 75 और 77 में

(2) केवल अनुच्छेद 74, 75 और 78 में

(3) केवल अनुच्छेद 74, 75 और 76 में

(4) केवल अनुच्छेद 74, 77 और 78 में

56. Which of the following Political Party has not participated as National Political Party in General Elections for the Seventeenth Lok Sabha (2019) ?

(1) Nationalist Congress Party (NCP)

(2) All India Trinamool Congress (AITMC)

(3) Communist Party of India (CPI)

(4) Samajwadi Party (SP)

57. Who among the following is the author of the book 'The Swatantra Party and Conservatism' ?

(1) Piloo Modi

(2) C. Rajagopalachari

(3) Howard L. Erdman

(4) Stanley A. Kochanek

58. India is not a member of which of the following groups ?

(1) Wassenaar group

(2) Australia group

(3) Missile Technology Control Regime

(4) Nuclear Supplier Group

59. In which Articles of Constitution of India the Prime Minister is mentioned ?

(1) Only in the Article 74, 75 and 77

(2) Only in the Article 74, 75 and 78

(3) Only in the Article 74, 75 and 76

(4) Only in the Article 74, 77 and 78

60. निम्नांकित में से कौन 'न्यूट्रल नेशन्स रिपेट्रिएशन कमीशन' का अध्यक्ष था, जिसने कोरियाई युद्ध में दोनों पक्षों के 20,000 से अधिक युद्धबन्दियों की नियति का फैसला किया था ?

(1) के.एस. थिमैया

(2) पी.एन. हक्सर

(3) वी.के. कृष्णा मेनन

(4) आई.जे. बहादुर सिंह

61. निम्नांकित में से किसने वैश्वीकरण को 'अमेरिकीकरण' से सम्बद्ध किया है ?

(1) जोसेफ एस. नाय

(2) अर्ने नैस

(3) जोसेफ स्टिगलिट्ज

(4) रॉबर्ट केहोन

62. शिक्षा मनोविज्ञान शाखा है :

(1) प्रायोगिक मनोविज्ञान की

(2) समाज मनोविज्ञान की

(3) व्यवहारात्मक मनोविज्ञान की

(4) विकासात्मक मनोविज्ञान की

63. आधिकारिक तौर पर भारत की यात्रा करने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति कौन थे ?

(1) हैरी एस. ट्रूमैन

(2) ड्वाइट डी. आइजनहॉवर

(3) जॉन एफ. कैनेडी

(4) बिल क्लिंटन

60. Who among the following was the Chairman of the "Neutral Nations Repatriation Commission (NNRC)" that decided on the fate of over 20,000 prisoners of war from both sides in Korean war ?

(1) K.S. Thimayya

(2) P.N. Haksar

(3) V.K. Krishna Menon

(4) I.J. Bahadur Singh

61. Who among the following has linked globalization to 'Americanization' ?

(1) Joseph S. Nye

(2) Arne Naess

(3) Joseph Stiglitz

(4) Robert Keohane

62. Educational Psychology is a branch of :

(1) Experimental Psychology

(2) Social Psychology

(3) Applied Psychology

(4) Developmental Psychology

63. Who was the first American President to visit India officially ?

(1) Harry S. Truman

(2) Dwight D. Eisenhower

(3) John F. Kennedy

(4) Bill Clinton

64. निम्न विकल्पों में से बालक की वृद्धि के बारे में कौन सा विकल्प सही है ?

(1) वृद्धि शरीर में केवल गुणात्मक परिवर्तन है।

(2) वृद्धि अधिगम और अनुभव का परिणाम है।

(3) वृद्धि कोशिकाओं व अवयवों के आकार में परिवर्तन है।

(4) वृद्धि शरीर में आंतरिक परिवर्तन है जिसका मापन नहीं किया जा सकता है।

65. निम्न में से कौन सा विकल्प वृद्धि व विकास के सामान्य सिद्धांत के बारे में सही नहीं है ?

(1) वैयक्तिक अन्तर का सिद्धान्त

(2) विकास क्रम में एकरूपता

(3) विकास विशेष से सामान्य की ओर चलता है।

(4) निरन्तरता का सिद्धान्त

66. शिक्षा मनोविज्ञान के बारे में निम्न में से कौन सा विकल्प सही नहीं है ?

(1) शिक्षा मनोविज्ञान के विस्तार की कोई सीमा नहीं है।

(2) शिक्षा मनोविज्ञान की अध्ययन विधि गुणात्मक व परिमाणात्मक दोनों है।

(3) शिक्षा मनोविज्ञान का दूसरा नाम विकासात्मक मनोविज्ञान है।

(4) शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षक को प्रतिभाशाली बालकों व मानसिक रूप से मन्द बालकों दोनों को समझने में सहायक है।

64. Which of the following is correct in case of growth of a child ?

(1) Growth is purely a qualitative change in the body.

(2) Growth is a result of learning and experience.

(3) Growth is change in the size of cells or organs.

(4) Growth is internal change in body that cannot be measured.

65. Which of the following is not a general principle of growth and development ?

(1) Principle of Individual Differences.

(2) Uniformity of Development pattern.

(3) Development proceeds from specific to general.

(4) Principle of Continuity.

66. Which of the following is not correct about Educational Psychology ?

(1) The scope of Educational Psychology is limitless.

(2) Method to study Educational Psychology is both qualitative and quantitative.

(3) The other name for Educational Psychology is Developmental Psychology.

(4) Knowledge of Educational Psychology helps teacher to understand gifted as well as mentally retarded children.

67. निम्न में से कौन सा विकल्प साहचर्य अधिगम का उदाहरण नहीं है ?

(1) आदत (आदी होना)

(2) क्रियाप्रसूत अनुकूलन

(3) चिह्न

(4) निरीक्षण (प्रेक्षण) अधिगम

68. कक्षा में अधिगम पर विशेष निहितार्थ करने वाला थॉर्नडाइक का कौन सा योगदान है ?

(1) प्रभाव का नियम

(2) मानसिक विन्यास का नियम

(3) संलग्नता का नियम

(4) विपरीतता का नियम

69. जब बालक सीधे (दायें) हाथ से लिखना सीखता है, तो यह कौशल का अधिगमान्तरण उसे उलटे (बायें) हाथ से लिखने में सुगमता प्रदान करता है । यह सीधे हाथ से लिखने के कौशल का हस्तान्तरण कहलाता है :

(1) अनुक्रमिक अधिगमान्तरण

(2) पार्श्विक अधिगमान्तरण

(3) उलटा अधिगमान्तरण

(4) द्विपार्श्विक अधिगमान्तरण

70. विकास के सिद्धान्तों के संदर्भ में निम्न में से कौन सा वाक्य सही नहीं है ?

(1) विकास क्रमशः होता है ।

(2) विकास अधिगम और परिपक्वता दोनों का ही परिणाम है ।

(3) विकास क्रमबद्ध नहीं होता ।

(4) विकास के प्रत्येक चरण पर सामाजिक अपेक्षाएँ होती हैं ।

67. Which of the following is not an example of associative learning ?

(1) Habituation

(2) Operant conditioning

(3) Imprinting

(4) Observational learning

68. Thorndike's outstanding contribution which has direct implication in classroom learning is :

(1) Law of effect

(2) Law of mental set

(3) Law of contiguity

(4) Law of contrast

69. When a child learns to write with right hand it facilitate his learning to write with left hand. This transfer of writing skills from right hand to left hand is known as :

(1) Sequential transfer of learning.

(2) Lateral transfer of learning.

(3) Reverse transfer of learning.

(4) Bilateral transfer of learning.

70. Which of the following is not correct statement regarding principles of development ?

(1) Development is gradual.

(2) Development is a product of both learning and maturation.

(3) Development is not sequential.

(4) There are social expectations for every developmental period.

71. हिप्पोक्रेट्स द्वारा किये वर्गीकरण के अनुसार जो बालक निराशावादी, दुःखी और संवेगात्मक रूप से कमज़ोर होते हैं, उन्हें कहते हैं –

(1) निरुत्साही (फ्लेग्मैटिक)
(2) उत्साही (सैंग्वीन)
(3) गुस्सैल (कोलेरिक)
(4) विषादग्रस्त (मेलैन्कोलिक)

72. गॉर्डन ऑल्पोर्ट के व्यक्तित्व के सिद्धान्त का अनुसरण करते हुए यदि अध्यापक विद्यार्थी के विशेषकों की पहचान करना चाहता है, तो निम्न विकल्पों में से वह किस विशेषक को अनदेखा करेगा ?

(1) मूल विशेषक
(2) गौण विशेषक
(3) केन्द्रीय विशेषक
(4) प्रधान विशेषक

73. एक विद्यार्थी जो प्रायः अपने मित्रों के प्रति रूखा, भद्दा और असमानुभूति पूर्ण था, उसे अपने व्यवहार में सुधार करने के लिए निम्न में से किस क्षेत्र में प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता है ?

(1) निष्पादन बुद्धि
(2) संज्ञानात्मक बुद्धि
(3) संवेगात्मक बुद्धि
(4) सांस्कृतिक बुद्धि

74. यदि अध्यापक को बालक की अचेतन अभिप्रेरणा और चिन्ताओं का पता लगाना है तो निम्न में से किस परीक्षण का चयन गलत होगा ?

(1) स्याही धब्बा परीक्षण
(2) 16 व्यक्तित्व घटक परीक्षण
(3) प्रासंगिक अन्तर्बोध परीक्षण
(4) शब्द साहचर्य परीक्षण

71. According to Hippocrates' classification, those children who remain pessimistic, sad or emotionally weak, they are said to be –

(1) Phlegmatic
(2) Sanguine
(3) Choleric
(4) Melancholic

72. If a teacher wants to identify different types of traits in a student following Gordon Allport's theory of personality, which of the following traits he would not look for ?

(1) Source Traits
(2) Secondary Traits
(3) Central Traits
(4) Cardinal Traits

73. A student who was curt, rude and un-empathetic to his friends, to improve his behaviour he needs to seek training in –

(1) Performance intelligence
(2) Cognitive intelligence
(3) Emotional intelligence
(4) Cultural intelligence

74. If a teacher has to trace the unconscious motives and anxieties of the child, which of the following choice would be a wrong choice of test ?

(1) Ink blot test
(2) 16 PF test
(3) Thematic apperception test
(4) Word association test

75. निम्न विकल्पों में से कौन सा तत्त्व है जो थर्स्टन द्वारा प्रतिपादित बुद्धि का समूह तत्त्व सिद्धान्त में सम्मिलित नहीं किया गया है ?

(1) विचारण की शब्द क्षमता

(2) मूल संबंधी (स्रोत सम्बन्धी) तत्त्व

(3) आगमनात्मक तर्क तत्त्व

(4) प्रत्यक्षीकरण सम्बन्धी तत्त्व

76. विद्यार्थी के निष्पादन पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देकर और उसे गर्वित अनुभव कराकर, मॉस्लो के आवश्यकता पदानुक्रम प्रारूप के अनुसार शिक्षक निम्न में से विद्यार्थी की किस आवश्यकता की संतुष्टि कर रहा है ?

(1) आत्म सिद्धि की आवश्यकता

(2) अपनेपन की आवश्यकता

(3) सुरक्षा की आवश्यकता

(4) आत्मसम्मान की आवश्यकता

77. समस्या समाधान में यदि कोई विद्यार्थी अध्यापक के निर्देशित परिप्रेक्ष्य में हल खोजने की जगह कुछ नया, लीक से हटकर, रूढ़िमुक्त किन्तु उपयोगी हल खोजे तो वह

(1) अपने अध्यापक के समक्ष अपनी वरीयता का परिचय दे रहा था ।

(2) अपने अध्यापक के निर्देशों की अवज्ञा कर रहा था ।

(3) उसे अपने अध्यापक पर विश्वास नहीं था ।

(4) अपनी अपसारी सोच की क्षमता का प्रयोग कर रहा है ।

75. Which of the following factor is not included in the Group Factor Theory of intelligence given by Thurstone ?

(1) Word ability to think

(2) Source factor

(3) Inductive reasoning factor

(4) Perceptual factor

76. Giving positive feedback and making student feel proud of his performance, according to Need Hierarchy Model proposed by Maslow, teacher is satisfying which need of student ?

(1) Self actualization needs

(2) Belongingness needs

(3) Safety needs

(4) Self-esteem needs

77. For solving a problem, if a student does not follow the instructed perspective but something new, out of the box, unconventional but useful solution – he is ______

(1) showing his superiority to the teacher.

(2) showing defiance to teacher's instructions.

(3) could not trust his teacher.

(4) using his potential of divergent thinking.

78. निम्न व्यवहार समूहों में से कौन सा व्यवहार समूह बाल अपराधियों में प्रायः नहीं देखा गया है ?

(1) बेचैन, आवेगी और विध्वंशकारी

(2) आन्तरिक रूप से नियंत्रित, सामाजिक और नियमों का पालन करने वाले

(3) स्नेह, स्थिरता और नैतिक स्तर की कमी

(4) आक्रमक, उद्दंड, क्रोधी और सहपाठियों को धमकाने वाला व्यवहार

79. प्रकृति में सभी व्यक्तित्व व व्यवहार सम्बन्धी गुणों का वितरण एक विशेष रूप में ही सम्पन्न होता है। इस वितरण को कहते हैं –

(1) ऋणात्मक प्रतिफल वक्र

(2) सीधी रेखा वक्र

(3) 'S' (एस) आकार का वक्र

(4) सामान्य सम्भाव्यता वक्र

80. निम्न में से कौन सा व्यवहार विद्यार्थी की उपलब्धि अभिप्रेरणा दर्शाता है ?

(1) अपने सबसे अच्छे मित्र के साथ कार्य करने की इच्छा दिखलाना

(2) कक्षा नायक बनने और लोकप्रिय होने का प्रयत्न करना।

(3) अपने निष्पादन स्तर में सुधार के लिए कठोर प्रयत्न करना।

(4) कक्षा में कमज़ोर विद्यार्थियों की सहायता करना।

1295593

78. Which of the following behaviour cluster is not commonly seen in juvenile delinquent behaviour ?

(1) Restlessness, impulsive and destructive.

(2) Internally controlled, social and rule abiding.

(3) Lack of affection, stability and moral standards.

(4) Hostile, defiant, resentful and bullying peer behaviour.

79. Characteristics of all personality and behaviour are distributed in the nature in a special form. This distribution is known as –

(1) Curve of negative return

(2) Straight line curve

(3) 'S' shaped curve

(4) Normal probability curve

80. Which of the following behaviours would show student's achievement motivation ?

(1) Showing preference to work with his best friend.

(2) Trying to become class monitor and become popular.

(3) Work hard to improve his performance.

(4) Helping weak student in his class.

81. यदि एक छात्र अपना बहुत सा खाली समय चित्रकारी में बिताता है और ऐसा करने पर वह प्रसन्नता अनुभव करता है। अपने व्यस्त समय में भी चित्रकारी के लिए समय निकाल लेता है और उसे ऐसा करने पर थकान भी अनुभव नहीं होती है। निम्न में से सही विकल्प छाँटें जो उसकी अभिव्यक्ति दर्शाता है :

(1) यह उसकी अभिवृत्ति की अभिव्यक्ति दर्शाता है।

(2) यह उसकी अभिक्षमता और श्रेष्ठता की अभिव्यक्ति दर्शाता है।

(3) यह उसकी रुचि की अभिव्यक्ति दर्शाता है।

(4) यह उसकी खाली समय का सदुपयोग (उपयोगी कार्यों के लिए) करने की अभिव्यक्ति दर्शाता है।

82. निम्न विकल्पों में से अध्यापक का कौन सा तरीका विद्यार्थी के आत्म-क्षमता के बोध में बढ़ोतरी नहीं करेगा ?

(1) विद्यार्थी की सफलता का श्रेय भाग्य को या स्कूल से सहायता को देना।

(2) विद्यार्थी की उपलब्धि पर उचित प्रोत्साहन और प्रतिक्रिया देना।

(3) छात्र को किसी आदर्श को दिखाना जिसने समान कार्य में सफलता प्राप्त की हो।

(4) विद्यार्थी के समान कार्य में पूर्व में मिली सफलता पर प्रकाश डालकर उसे प्रवीणता की अनुभूति देना।

81. If a student likes to spend a lot of his free time in drawing and feels happy doing so. He finds time from his busy schedule for drawing and does not feel tired doing so. Select the right option for his expression :

(1) This shows his expression of his attitude.

(2) This shows his expression of his aptitude and showing superiority.

(3) This shows his expression of his interest.

(4) This shows his expression of utilizing his free time productively.

82. Which of the following way of the teacher does not enhance self efficacy of his student in class ?

(1) By attributing success of student to Luck or School help.

(2) By appropriate encouragement & feedback to the student on his achievement.

(3) By showing to the student a model who succeeded on a similar task.

(4) By giving mastery experience through highlighting success in a similar situation.

83. मेजा बाँध किस नदी पर स्थित है ?
(1) बनास नदी
(2) चम्बल नदी
(3) लूनी नदी
(4) कोठारी नदी

84. चौकला नस्ल है
(1) भेड़ (2) बकरी
(3) गौवंश (4) ऊँट

85. 2011 की जनगणनानुसार राजस्थान में न्यूनतम जनसंख्या वाला जिला है –
(1) बाड़मेर (2) करौली
(3) राजसमंद (4) जैसलमेर

86. चौथमाता किस जनजाति की आराध्य देवी है ?
(1) सांसी (2) डामोर
(3) कंजर (4) गरासिया

87. दिलवाड़ा मन्दिर स्थित हैं –
(1) उदयपुर (2) आबू पर्वत
(3) श्री महावीरजी (4) जैसलमेर

88. राजस्थान के अरावली पर्वतों की निम्नलिखित चोटियों को उनकी ऊँचाई के आधार पर आरोही क्रमानुसार व्यवस्थित करें :
A. तारागढ़
B. अचलगढ़
C. कमलनाथ
D. रघुनाथगढ़
(1) A B C D (2) D B A C
(3) A C D B (4) C A B D

89. राजस्थान के किस जिले से कर्क रेखा गुजरती है ?
(1) बारां (2) बाँसवाड़ा
(3) धौलपुर (4) उदयपुर

83. On which river is the Meja Dam located ?
(1) Banas River
(2) Chambal River
(3) Luni River
(4) Kothari River

84. Chaukla is a breed of
(1) Lamb (2) Goat
(3) Cows (4) Camel

85. As per 2011 census, the district having lowest population in Rajasthan, is –
(1) Barmer (2) Karauli
(3) Rajsamand (4) Jaisalmer

86. Chauthmata is the deity of which tribe ?
(1) Sansi (2) Damor
(3) Kanjar (4) Garasiya

87. Dilwara Temples are located at –
(1) Udaipur (2) Mount Abu
(3) Sri Mahavirji (4) Jaisalmer

88. Arrange the following peaks of the Aravalli mountains of Rajasthan in ascending order of their height :
A. Taragarh
B. Achalgarh
C. Kamalnath
D. Raghunathgarh
(1) A B C D (2) D B A C
(3) A C D B (4) C A B D

89. Tropic of Cancer passes through which district of Rajasthan ?
(1) Baran (2) Banswara
(3) Dhaulpur (4) Udaipur

90. राजस्थान के निम्नलिखित में से कौन से जिलों में उष्णकटिबंधीय शुष्क पतझड़ी वन पाये जाते हैं ?

(1) जैसलमेर, बाड़मेर, पाली

(2) उदयपुर, बाँसवाड़ा, कोटा

(3) बीकानेर, नागौर, चुरू

(4) सीकर, झुंझुनू, जालौर

91. "परिवर्तित क्षेत्र विकास उपागम" (MADA) किस वर्ष में प्रारम्भ किया गया ?

(1) 1978-79 (2) 1974-75

(3) 1969-70 (4) 1971-72

92. प्राक्–हड़प्पा युगीन संस्कृति _____ में प्राप्त हुई है।

(1) गणेश्वर (2) आहड़

(3) कालीबंगा (4) बालाथल

93. उत्तर गुप्तकालीन शंखलिपि में लिखे लेख मिले हैं –

(1) गिलूण्ड में (2) बैराठ में

(3) आहड़ में (4) ओजियान में

94. निम्नांकित में से कौन सा युद्ध महाराणा सांगा और बाबर के मध्य हुआ था ?

(1) चंदेरी का युद्ध

(2) खानवा का युद्ध

(3) पानीपत का युद्ध

(4) तराईन का युद्ध

95. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY) वर्ष _____ में आरम्भ की गई थी।

(1) 2001 (2) 2005

(3) 2007 (4) 2011

90. In which of the following districts of Rajasthan Tropical Dry Deciduous forests are found ?

(1) Jaisalmer, Barmer, Pali

(2) Udaipur, Banswara, Kota

(3) Bikaner, Nagaur, Churu

(4) Sikar, Jhunjhunu, Jalor

91. "Modified Area Development Approach" (MADA)' was started in which year ?

(1) 1978-79 (2) 1974-75

(3) 1969-70 (4) 1971-72

92. Pre-Harappan culture has been found at –

(1) Ganeshwar (2) Ahar

(3) Kalibanga (4) Balathal

93. Inscriptions written in post Gupta age Shankh-Script have been found at :

(1) Gilund (2) Bairath

(3) Ahar (4) Oziyana

94. Which of the following battle was fought between Maharana Sanga and Babar ?

(1) Battle of Chanderi

(2) Battle of Khanwa

(3) Battle of Panipat

(4) Battle of Tarain

95. The Rashtriya Krishi Vikas Yojana (RKVY) was initiated in the year –

(1) 2001 (2) 2005

(3) 2007 (4) 2011

96. अजमेर नगर बसाया –

(1) अर्णोराज ने

(2) गोविन्दराज ने

(3) पृथ्वीराज चौहान ने

(4) अजय राज ने

97. सुमेलित कीजिये :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | राजपूताना मध्य भारत सभा | (i) | 1910 |
| (B) | राजस्थान सेवा संघ | (ii) | 1920 |
| (C) | मारवाड़ सेवा संघ | (iii) | 1919 |
| (D) | आचार सुधारिणी सभा | (iv) | 1918 |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

98. मत्स्य संघ में कुल रियासतें थीं –

(1) 2 (2) 7

(3) 8 (4) 4

99. आबू में जैन मन्दिर विमलवसहि के निर्माणकर्ता हैं –

(1) वस्तुपाल

(2) तेजपाल

(3) विमल शाह

(4) धरणाक शाह

100. निम्नलिखित में से 1857 ई. की क्रांति में कौन से युद्ध में जोधपुर का पॉलिटिकल एजेंट मैसन मारा गया था ?

(1) नीमच का युद्ध

(2) कोठारिया का युद्ध

(3) चेलावास का युद्ध

(4) नसीराबाद का युद्ध

96. Ajmer was founded by –

(1) Arno Raj

(2) Govind Raj

(3) Prithvi Raj Chauhan

(4) Ajay Raj

97. Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Rajputana Madhya Bharat Sabha | (i) | 1910 |
| (B) | Rajasthan Seva Sangh | (ii) | 1920 |
| (C) | Marwar Seva Sangh | (iii) | 1919 |
| (D) | Aachar Sudharini Sabha | (iv) | 1918 |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

98. Total number of states in Matsya Sangha were –

(1) 2 (2) 7

(3) 8 (4) 4

99. The builder of the Jain temple Vimalvasahi in Abu is –

(1) Vastupal

(2) Tejpal

(3) Vimal Shah

(4) Dharnak Shah

100. In which of the following battles the political agent of Jodhpur Mason was killed in the revolt of 1857 A.D. ?

(1) Battle of Neemuch

(2) Battle of Kotharia

(3) Battle of Chelawas

(4) Battle of Nasirabad

रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK